समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# पंत-पूरन और मिलर, बड़े-बड़े सूरमा हो गए फुस्स, बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटे अर्शदीप ; पंजाब की 37 रनों से बंपर जीत।

Publisher

Published on 05 May 2025



## पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रनों से हरा दिया है. इस जीत के साथ पंजाब की टीम प्लेऑफ के बहुत करीब आ गई है.

पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रनों से हरा दिया है. पंजाब की टीम ने पहले खेलते हुए 236 रन बनाए थे, जिसके जवाब में LSG की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 199 रन ही बना पाई और 37 रनों से मैच हार गई. पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन ने 91 रनों की तूफानी पारी खेली, वहीं गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने कहर बरपाते हुए 3 विकेट चटकाए. इस जीत के साथ पंजाब प्लेऑफ में जगह बनाने के बहुत करीब आ गई है.

धर्मशाला में खेले गए इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले खेलते हुए 236 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. इसके जवाब में लखनऊ टीम की शुरुआत बहुत खराब रही क्योंकि 16 के स्कोर तक दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे. एडन मार्करम ने 13 रन बनाए जबकि मिचेल मार्श का खाता तक नहीं खुल पाया. निकोलस पूरन लगातार पांचवें मैच में बड़ा स्कोर करने में नाकाम रहे क्योंकि पंजाब के खिलाफ भी वो सिर्फ 6 रन बना पाए.

कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म बदस्तूर जारी है, वो 17 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हो गए. आलम यह था कि लखनऊ की आधी टीम 73 के स्कोर तक पवेलियन लौट चुकी थी. यहां से अब्दुल समद और आयुष बदोनी ने कमान संभालते हुए 81 रनों की पार्टनरशिप की, लेकिन जब टीम जीत की ओर आगे बढ़ रही थी तब समद 24 गेंद में 45 रन बनाकर आउट हो गए.

आयुष बदोनी अब भी क्रीज पर डटे हुए थे, लेकिन जब तक उन्होंने तेज रफ्तार से शॉट्स लगाने शुरू किए तब तक बहुत देर हो चुकी थी. उन्होंने 40 गेंद में 74 रनों की पारी खेली, जिसमें उनके बल्ले से 5 चौके और 5 छक्के निकले. आलम यह था कि LSG

को आखिरी ओवर में जीत के लिए 49 रन बनाने थे. इस बड़ी हार के कारण लखनऊ की प्लेऑफ की राह बहुत कठिन हो गई है.

पंजाब की इस जीत में सबसे बड़ा योगदान प्रभसिमरन सिंह और अर्शदीप सिंह का रहा. प्रभसिमरन ने बैटिंग में 91 रन की पारी खेल पंजाब को 236 के स्कोर तक पहुंचने में मदद की. वहीं अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए. इस जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में पंजाब 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर आ गई है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.